<u>संदेश</u>

दुर्गा पूजा और विजयदशमी के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रह रहे अपने सभी देशवासियों को 'शुभो बिजोया' और दशहरा की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

दुर्गा पूजा और विजयदशमी, बुराई पर नेकी और सच्चाई की विजय के प्रतीक हैं। इस दिन हमें निर्धन, बेसहारा और दुखी लोगों के साथ अपनी खुशियां बांटनी चाहिए। यह हमारे देशवासियों के बीच एकता की भावना और भाईचारे के बंधन को मजबूत बनाने का भी अवसर है।

आइए, हम देवी दुर्गा के शक्ति स्वरूप की उपासना करें। समाज में महिलाओं, विशेषकर कन्याओं, को सशक्त बनाने की दिशा, वे हमें प्रदान करें।

भगवान राम को सदैव हमारे नैतिक और शाश्वत मूल्यों के प्रतिबिंब के रूप में पूजा जाता है। आइए, हम उनके आदर्शों का पालन करें।